हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 4 अक्टूबर 2026

07 अशोकनगर, बहादुरपुर व चंदेरी में शिविर का आयोजन...



08 कलेक्टर ने अधीनस्थों को प्रदान किए आवश्यक दिशा...



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

गांधी जयंती पर कवि गोष्ठी संपन्न



गुना। चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर सदर बाजार स्थित मुरली धोकर मंदिर में कवि गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने की। मुख्य अतिथि वीरेंद्र सोनी मुक्त तथा विशेष अतिथि निरंजन भाया कसेरा एवं राम जीवन भार्गव रहे। संचालन शायर प्रेम सिंह प्रेम ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नरेंद्र भार्गव 'पद्म' द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। कवियों ने गांधी जी, शास्त्री जी, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक सरोकार एवं समसामयिक विषयों पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को प्रभावित किया। रवि शर्मा बंजारा, उमाशंकर भार्गव, राजेश जैन कपूर, धर्मवीर सिंह, अभिनंदन मडवरिया, रामवीर शर्मा एवं रमेश मंगल ने भी काव्य पाठ किया। इस अवसर पर उमेश मंगल, गोपाल अग्रवाल, आशी मंगल, ऐनद्रिय रावत, कमलेश राठौर, नारायण लाल मैयर, गजराज सिंह, दीपक शर्मा, नीरज साहू एवं ख्यालीराम राठौर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आभार व्यक्त करते हुए उमाशंकर भार्गव ने वरिष्ठ कवि विष्णु साथी के सम्मान का उल्लेख किया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं श्रोताओं का आभार माना।

मोबाइल की रोशनी में जुआ खेलते 7 जुआरी दबोचे

गुना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबी घाट के पास मोबाइल की टॉर्च रोशनी में तितली-पत्ते से जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि धोबी घाट के पास दीवार की आड़ में जुआ खेला जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर घेराबंदी की। पुलिस ने आरोपी अफसर मोहम्मद, राजा रजक, दीपक नामदेव, दीपक कुशवाहा, जोगेश कुशवाहा, गौरीशंकर राठौर और लखन कुशवाहा को रंगे हाथ धर दबोचा। फड़ से तितली-पत्ता चार्ट और 1,560 रुपये नकद जब्त किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि प्रिंस रजक 1 रुपये के बदले 10 रुपये का लालच देकर उनसे जुआ खिलवा रहा था, जो पुलिस को आते देख अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

दुकान पर सामान लेने को लेकर दो पक्षों में विवाद, क्रॉस मामला दर्ज

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर में दुकान पर सामान लेने और अकारण गाली-गलौज के संदेह को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों ही पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने परस्पर शिकायतों के आधार पर दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पहली रिपोर्ट फरियादिया गिरजा बाई ओझा निवासी रामपुर ने दर्ज कराई। उसने बताया कि गत दोपहर करीब 1:30 बजे वह अपने घर के बाहर काम कर रही थी। तभी गांव का प्रेमनारायण उर्फ लल्लू कुशवाहा शराब के नशे में प्रदीप ओझा की दुकान पर आया और घर के सामने गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर उसकी पत्नी सुमन बाई और बेटा राहुल भी आ गए। विवाद बढ़ने पर सुमन बाई और प्रेमनारायण ने ईंट से हमला कर गिरजा बाई के सिर व कंधे पर चोट पहुंचाई। बीच-बचाव करने आई मां प्रयाग बाई के सिर पर राहुल ने डंडे से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। वहीं दूसरे पक्ष से फरियादी प्रेमनारायण कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब वह दुकान पर सामान लेने गया था, तभी सुरेखा ओझा, गिरजा ओझा और उनकी मां प्रयाग बाई आकर झूठा आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगीं। विरोध करने पर सुरेखा ने लकड़ी की कूटनी से हमला कर प्रेमनारायण का माथा फोड़ दिया। बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी सुमन बाई पर गिरजा ने पत्थर से वार कर सिर में गंभीर चोट पहुंचाई।

चौराहे के आसपास जाम की स्थिति, यातायात पुलिस की व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

जयस्तंभ चौराहे पर बेतरतीब ढंग से खड़े ऑटो से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नगर के प्रमुख जयस्तंभ चौराहे पर इन दिनों बेतरतीब ढंग से खड़े ऑटो और बढ़ते यातायात के कारण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। चौराहे के आसपास ऑटो चालकों द्वारा सड़क किनारे और यातायात मार्ग पर वाहन खड़े किए जाने से राहगीरों एवं अन्य वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यस्त समय में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है तथा कई बार वाहनों की आवाजाही बाधित होने से जाम जैसी स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार जयस्तंभ चौराहा नगर के प्रमुख आवागमन मार्गों में शामिल है। यहां दिनभर बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन, ऑटो एवं दोपहिया वाहन गुजरते हैं। ऐसे में सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े ऑटो यातायात के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। ऑटो के इंतजार में चालक कई बार चौराहे के आसपास ही वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे सड़क का उपयोगी हिस्सा घिर जाता है।



यातायात व्यवस्था संभालना चुनौती

चौराहे पर यातायात का दबाव बढ़ने के बावजूद वाहनों की पार्किंग एवं ऑटो संचालन के लिए व्यवस्थित व्यवस्था नजर नहीं आती। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यातायात पुलिस द्वारा समय-समय पर कार्रवाई किए जाने के साथ-साथ यदि ऑटो के लिए निर्धारित स्टैंड या पार्किंग स्थल तय कर दिया जाए तो समस्या काफी हद तक कम हो सकती है।

पैदल राहगीरों को भी परेशानी

बेतरतीब खड़े ऑटो का असर केवल वाहन चालकों पर ही नहीं, बल्कि पैदल राहगीरों पर भी पड़ रहा है। कई स्थानों पर सड़क किनारे जगह घिर जाने के कारण लोगों को वाहनों के बीच से होकर निकलना पड़ता है। इससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

नागरिकों ने की व्यवस्था सुधारने की मांग

स्थानीय नागरिकों ने यातायात पुलिस एवं संबंधित प्रशासन से जयस्तंभ चौराहे पर नियमित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने, ऑटो को निर्धारित स्थान पर खड़ा कराने तथा सड़क पर बेतरतीब पार्किंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि चौराहे पर यातायात कर्मियों की नियमित निगरानी और स्पष्ट पार्किंग व्यवस्था होने से आवागमन सुचारु हो सकता है। फिलहाल जयस्तंभ चौराहे पर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करना स्थानीय प्रशासन और यातायात पुलिस के लिए जरूरी चुनौती बनी हुई है।

गुरुपूर्णिमा पर मंदिर में वृद्ध से मारपीट मामले में अब हुई एफआईआर

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुपूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में हुए विवाद और अभद्रता के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित 75 वर्षीय बुजुर्ग को एफआईआर दर्ज कराने के लिए लगभग तीन महीने तक थाने के चक्कर काटने पड़े, तब जाकर पुलिस ने मामला दर्ज किया। फरियादी प्रेमसिंह अहिरवार (75) निवासी टोरिया ने शिकायत में बताया कि बीते 12 जुलाई 26 को वे अपने साथी प्रदीप दोहरे के साथ ग्राम बेहटाघाट स्थित सिंध नदी किनारे समाज के मंदिर में गुरुपूर्णिमा की तैयारियों के लिए गए थे। मंदिर के गेट पर पहुंचते ही पुजारी बसोरा अहिरवार और उसके नाती संजीव अहिरवार ने उन्हें रोक लिया। संजीव ने मंदिर पर अपना हक जताते हुए अकारण गालियां देना शुरू कर दिया। जब फरियादी इस अभद्रता का वीडियो बनाने लगे, तो आरोपी ने झूमाझटकी करते हुए मोबाइल छीनने का प्रयास किया । सामाजिक स्तर पर समझाने के प्रयास विफल होने और मंदिर में प्रवेश न देने पर पीड़ित थाने पहुंचे।

अस्पताल में तोड़फोड़ और चक्काजाम मामले में 5 नामजद समेत अन्य पर केस दर्ज

महिला की मौत के बाद भड़का था परिजनों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के बालाजी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत के बाद हुए उपद्रव, तोडफ़ोड़ और ओवरब्रिज पर चक्काजाम के मामले में पुलिस ने जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की है। पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोन तहसील के ग्राम भादौर निवासी 26 वर्षीय राजकुमारी ओझा को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के चलते 16 सितंबर को बालाजी अस्पताल में दाखिल कराया गया था। वहां चिकित्सकों द्वारा शरीर में खून की कमी बताए जाने पर उसे 4 यूनिट ब्लड चढ़ाया गया और हालत में सुधार होने पर 21 सितंबर को छुट्टी दे दी गई थी।



इसके बाद 26 सितंबर की शाम महिला की स्थिति अचानक फिर बिगड़ गई, जिस पर परिजन उसे लेकर पुनः बालाजी अस्पताल पहुंचे। परिजनों का गंभीर आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद भी डॉक्टरों ने समय पर मरीज की सुध नहीं ली और न ही इलाज शुरू किया, जिससे देर रात उसकी मौत हो गई।

वेंटिलेटर, कंप्यूटर और कूलर तोड़े

सुबह डॉक्टरों द्वारा महिला को मृत घोषित किए जाने से गुस्साए परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने अस्पताल के भीतर जमकर उत्पाद मचाया, जिसमें वेंटिलेटर, रिसेप्शन पर रखा कंप्यूटर और परिसर का कूलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद परिजन शव को लेकर ओवरब्रिज पहुंचे और सडक़ पर रखकर चक्काजाम कर दिया।

ज्ञापन और पुलिस जांच के बाद आपराधिक प्रकरण दर्ज

घटना के अगले दिन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंपकर डॉक्टर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। मामले की विस्तृत जांच के बाद पुलिस ने महेश ओझा, प्रदीप ओझा, सतीश ओझा, संजीव ओझा और धर्मवीर सिंह ढिल्लों सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 296(ए), 324(5), 351(2), 126(2), 191(2) और 190 के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तोडफ़ोड़ में शामिल अन्य उपद्रवियों की शिनाख्त में जुटी है।

शुष्क दिवस पर आबकारी विभाग की सघन गश्त

अवैध मदिरा के विक्रय पर कार्रवाई, चार प्रकरण दर्ज



गुना। गांधी जयंती एवं शुष्क दिवस के अवसर पर 02 अक्टूबर को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के आदेश एवं जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के निर्देशन में आबकारी विभाग गुना द्वारा जिले में सघन गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान जिले की समस्त मदिरा दुकानें बंद रहीं। आबकारी विभाग की टीम द्वारा लगातार गश्त एवं चेकिंग की गई। इस दौरान प्राप्त शिकायतों और मुखबिर सूचनाओं के आधार पर विभिन्न स्थानों पर तत्काल कार्रवाई की गई। जांच के दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा बाहर से मदिरा लाकर अवैध रूप से विक्रय किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए गोपालपुरा रोड से 14 पाव प्लेन देशी मदिरा, हड्डीमील क्षेत्र से 15 पाव मसाला मदिरा, हिलगना बायपास से 16 पाव अंग्रेजी मदिरा तथा गल्ला मंडी रोड से 14 पाव अंग्रेजी मदिरा जब्त की। इस प्रकार कुल 59 पाव मदिरा जब्त की गई। अवैध रूप से मदिरा का विक्रय पाए जाने पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत चार प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। आबकारी विभाग द्वारा लगातार की गई गश्त, चेकिंग एवं कार्रवाई से शहर में अवैध मदिरा के विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने का प्रयास किया गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि शुष्क दिवस के दौरान अवैध रूप से मदिरा का विक्रय या परिवहन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

मानस भवन में गूंजी भागवत की कथा कोटेश्वर मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

गुना। शहर के स्थानीय मानस भवन में शनिवार से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। इस धार्मिक आयोजन के पहले दिन नगर में एक विशाल और भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कलश यात्रा का शुभारंभ निचला बाजार स्थित ऐतिहासिक कोटेश्वर मंदिर से पूर्ण विधि-विधान और पूजन-अर्चन के साथ हुआ। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। भक्तिगीतों और धार्मिक जयकारों की गूंज से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। सिर पर मंगल कलश धारण किए महिलाएं और श्रद्धालु भक्तिभाव में लीन नजर आए। यात्रा



का समापन कथा स्थल मानस भवन पर हुआ। इसके पश्चात प्रथम दिवस की कथा का वाचन करते हुए बालाजी धाम (आगरा) से आए संतश्री अरविंद महाराज ने भागवत महात्म्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल श्रवण मात्र से मनुष्य के भीतर भक्ति, सदाचार और धर्म के संस्कारों का बीजारोपण करती है, जो जीवन को सही दिशा दिखाते हैं।

ट्रेन में अचेत मिला यात्री, आधार कार्ड से हुई मृतक की पहचान

गुना। उधना से प्रयागराज जा रही ट्रेन में सफर कर रहे एक यात्री के अचेत अवस्था में मिलने से हडकंप मच गया। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 108 एंबुलेंस की मदद से अचेत यात्री को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इयूटी पर तैनात डॉक्टर आनंद ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन और जीआरपी द्वारा की गई शुरुआती जांच के दौरान मृतक के पास से एक आधार कार्ड बरामद हुआ है। आधार कार्ड में दर्ज विवरण के आधार पर मृतक की पहचान राम प्रसाद, निवासी प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। जीआरपी पुलिस ने आधार कार्ड पर दर्ज पते के आधार पर परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

तेज रफ्तार स्कूटी ने बाइक को मारी टक्कर

इधर मृगवास थाना क्षेत्र अंतर्गत बटावदा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक स्कूटी चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे में रवि के पैर में चोट आई, जबकि प्रहलाद की आंख के पास गंभीर चोट लगने पर गुना रेफर किया गया

हॉकी मध्य प्रदेश के संयुक्त सचिव ब्रजेश दुबे निर्विरोध निर्वाचित

2026 से 2030 तक रहेगा कार्यकाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के वरिष्ठ खेल पदाधिकारी एवं जिला हॉकी संघ गुना के सचिव ब्रजेश दुबे को हॉकी मध्य प्रदेश का संयुक्त सचिव निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। उनका कार्यकाल वर्ष 2026 से 2030 तक रहेगा। हॉकी मध्य प्रदेश की निर्वाचन प्रक्रिया के तहत नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी की निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद संयुक्त सचिव पद के लिए कोई अन्य प्रत्याशी मैदान में नहीं रहा। इसके बाद श्री दुबे को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी गौरी शंकर मिंज, IAS (सेवानिवृत्त) ने 3 अक्टूबर को जबलपुर में उन्हें निर्वाचन प्रमाणपत्र प्रदान किया। ब्रजेश दुबे लंबे समय से गुना जिले में हॉकी के विकास, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जिला हॉकी संघ के माध्यम से वे स्थानीय प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षण गतिविधियों तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के प्रयासों से जुड़े रहे हैं। निर्वाचन के बाद श्री दुबे ने कहा कि हॉकी मध्य प्रदेश में मिली नई जिम्मेदारी के माध्यम से उनका प्रयास प्रदेश में हॉकी के विकास, जिला इकाइयों को मजबूत करने तथा खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर उपलब्ध कराने का रहेगा। श्री दुबे के निर्विरोध निर्वाचन से गुना जिले को हॉकी मध्य प्रदेश की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी में प्रतिनिधित्व मिला है। उनके निर्वाचन पर जिला हॉकी संघ गुना के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।

कलेक्टर ने जटेरी गौशाला, सामुदायिक भवन, स्कूल और पीडीएस दुकान का किया निरीक्षण

विद्यार्थियों को भविष्य के लिए प्रोत्साहित करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

चांचौड़ा की ग्राम पंचायत जटेरी की गौशाला का कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने निरीक्षण किया। इस दौरान चांचौड़ा विधायक प्रियंका पेंची भी उपस्थित रहीं। कलेक्टर ने गौशाला के संचालन को बेहतर बनाने के लिए गोबर एवं गोमूत्र के उपयोग के साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और उत्पादों की मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे गौशाला की आय में वृद्धि होगी और इसके संचालन में सुविधा मिलेगी। इस दौरान कलेक्टर एवं विधायक ने गौशाला में गायों को चारा एवं गुड़ खिलाया।

इसके बाद कलेक्टर श्री कन्याल ने कोदयापुरा स्थित सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भवन का नियमित रूप से उपयोग किया जाए, जिससे इसकी उपयोगिता बनी रहे और भवन का व्यवस्थित रखरखाव भी सुनिश्चित हो। सचिव ने बताया कि लगभग



25 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है। भवन में दो कमरे हैं तथा इसे सुविधाओं के साथ विकसित किया गया है। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल एवं चाचौड़ा विधायक श्रीमती प्रियंका पेंची का स्वागत किया गया।

विद्यार्थियों से संवाद कर जाना भविष्य का लक्ष्य

इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम तेलीगांव स्थित शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनके भविष्य के लक्ष्य के बारे में पूछा और खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने विकसित भारत@2047 के संबंध में भी अपने विचार साझा किए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को विकसित भारत@2047 की अवधारणा समझाते हुए कहा कि इसका उद्देश्य देश को आर्थिक एवं अन्य क्षेत्रों में अधिक सक्षम और विकसित बनाना है।

पीडीएस दुकान का भी किया निरीक्षण

विद्यालय परिसर के समीप स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का भी कलेक्टर एवं विधायक द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। इस दौरान दुकान में खाद्यान्न वितरण एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई।

इस दौरान एसडीएम चांचौड़ा श्री अमित सोनी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

गांधी जयंती के पावन अवसर पर श्रद्धांजलि और स्वच्छता अभियान का आयोजन



आरोन। गांधी जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, मंडल आरोन द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत अभियान' के आह्वान पर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के विभिन्न प्रमुख एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वयं हाथों में झाड़ू थामकर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़ सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, मंडल के पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में ऊर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती पर शासकीय हाई स्कूल देहरीकला में विशेष कार्यक्रम



आरोन। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल देहरीकला में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नंदलाल यादव ने विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

गोवर्धन का अर्थ है इंद्रियों का कृष्ण भक्ति में वर्धन : पं. पुरुषोत्तम पारीक

बीनागंज। अंचल के ग्राम रानी खेजरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन पं. पुरुषोत्तम पारीक ने गोवर्धन महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि "इंद्रियों का जो कृष्ण भक्ति में वर्धन करे, उसी का नाम गोवर्धन है।" उन्होंने कहा कि गोवर्धन परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं को कीर्तन एवं कृष्ण स्मरण करते हुए भगवान गिरिराज जी से अपनी मनोकामना एवं भक्ति की प्रार्थना करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि 'गो' का अर्थ इंद्रियां और 'वर्धन' का अर्थ वृद्धि है, अर्थात जो इंद्रियों को कृष्ण भक्ति की ओर बढ़ाए, वही गोवर्धन है। पं. पारीक ने कहा कि यमुना जी और गोवर्धन ऐसे पवित्र स्थान हैं, जहां भगवान श्रीकृष्ण की उपस्थिति का अनुभव होता है। वृंदावन आने पर गोवर्धननाथ जी को प्रणाम अवश्य करना चाहिए और गिरिराज जी की शिला को साक्षात श्रीकृष्ण मानकर श्रद्धा से नमन करना चाहिए।



'आदर्श धर्मपत्नी कैसी हो' विषय पर मुनि श्रमण सागर ने दिए प्रवचन, कहा...

सुंदरता नहीं, संस्कार और कुशलता से ही बनती है आदर्श धर्मपत्नी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, महान तपस्वी एवं ओजस्वी वक्ता मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने राघौगढ़ में चल रही श्रमण धारा प्रवचन माला में "आदर्श धर्मपत्नी कैसी हो" विषय पर मंगल प्रवचन दिए।

मुनि श्री ने कहा कि जो पत्नी पति को पतन के मार्ग से रोककर धर्म और सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ाए, वही सच्चे अर्थों में धर्मपत्नी कहलाती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की मौसी रानी चेलना ने अपने पति राजा श्रेणिक को धर्म के मार्ग पर प्रेरित किया। इसी प्रकार माता सीता, अंजना और द्रौपदी जैसी महान नारियों की गाथाएं आज भी श्रद्धा से स्मरण की जाती हैं।

सुंदरता के साथ सुशीलता और कुशलता भी जरूरी

मुनि श्री ने धर्मपत्नियों के चार स्वरूपों का उल्लेख करते हुए कहा कि केवल बाहरी सुंदरता पर्याप्त नहीं है। आदर्श धर्मपत्नी वह है, जो सुंदर, सुशील एवं कुशल होने के साथ परिवार को साथ लेकर चले, गृहस्थ जीवन में दक्ष हो और संतानों को संस्कारवान बनाए।

संस्कृति के पारिवारिक मूल्यों को अपनाने पर जोर

उन्होंने वर्तमान वैवाहिक जीवन की चुनौतियों पर भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक जीवनशैली में पति-पत्नी दोनों के व्यस्त रहने और पारिवारिक संस्कारों से दूरी बढ़ने के कारण अनेक परिवारों में तनाव की स्थिति बन रही है। उन्होंने भारतीय संस्कृति के पारिवारिक मूल्यों को अपनाने पर जोर दिया।

मुनि श्री ने कहा कि भारतीय परिवार व्यवस्था में पति को परिवार का 'वित्त मंत्री' और पत्नी को 'गृह मंत्री' कहा जाता था। दोनों की अपनी-अपनी जिम्मेदारियां थीं और परिवार प्रेम, सहयोग एवं संस्कारों से चलता था।

उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि भारतीय संस्कृति और संस्कारों को जीवन में फिर से स्थान दिया जाए। उन्होंने कहा कि "पैसे से घर भव्य होता है, लेकिन प्रेम से घर सभ्य होता है।" मुनि श्री के प्रवचनों को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

राशन विक्रेताओं की हड़ताल, आरोन में बंद रहीं राशन दुकानें



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

मध्यप्रदेश राशन विक्रेता संघ, भोपाल के आह्वान पर गुना जिले के कंट्रोल संचालकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद जिले के राशन विक्रेताओं ने 1 अक्टूबर से हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के समर्थन में आरोन तहसील के समस्त राशन विक्रेताओं एवं कंट्रोल संचालकों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। इसके चलते उपभोक्ताओं को राशन का वितरण नहीं हो सका। राशन विक्रेताओं का कहना है कि जब तक मध्यप्रदेश शासन एवं प्रशासन उनकी मांगों का निराकरण नहीं करता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

आरोन के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के राशन विक्रेताओं ने भी अपनी दुकानें बंद रखकर हड़ताल का समर्थन किया। हड़ताल में श्रीमती अनीता जैन, धर्मवीर रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, हेमंत जोशी, दिनेश जैन एवं प्रवीण रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में राशन विक्रेता शामिल रहे।

सेवानिवृत्ति पर शिक्षक बैजनाथ सिंह धाकड़ का विदाई सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय केकड़या कला, विकासखंड चांचौड़ा में शिक्षक बैजनाथ सिंह धाकड़ की सेवा पूर्ण होने पर विद्यालय परिवार की ओर से विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद सिंह धाकड़, जिला शिक्षा केंद्र गुना से योगेंद्र मौर्य, सेवानिवृत्त शिक्षक गोपाल कृष्ण शर्मा एवं मंगीलाल मगरोर, डॉ. गोविंद नारायण शर्मा, रोहित कासट, श्रीमती शोभना कासट सहित विद्यालय परिवार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में अतिथियों एवं गुरुजनों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने बैजनाथ सिंह धाकड़ के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर धाकड़ ने अपने संबोधन में कहा कि "शिक्षक का कार्य केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की सही दिशा देना भी है।" उन्होंने अपने सेवाकाल के अनुभव भी साझा किए। विद्यालय के संस्था प्रधान ज्योतिर्विद पं. युवराज राजौरिया, वेद प्रकाश शर्मा, रजनीश राजौरिया, ज्योति मेहता, बनवीर मीना एवं अभिषेक शर्मा सहित शिक्षकों ने अपने विचार



व्यक्त किए। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं शिक्षक, गायत्री परिवार गुना, कुंभराज, सरस्वती शिशु मंदिर समिति कुंभराज के सदस्य तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान राधेश्याम श्रोत्रिय, गणेश बाबू तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा, विकास शर्मा, योगेश दण्डोतिया, कमलेश सरगैया, प्रणवीर सिंह , कुलदीप साहू (CAC), उमाशंकर शर्मा , अंजना दुबे, श्रीमती सविता बुनकर, रेशम अहिरवार मौजूद रहीं।

राघौगढ़ की बेटी मानसी का पेरिस में पीएचडी के लिए चयन, जयवर्धन सिंह ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

राघौगढ़ की बेटी मानसी वास्त्री का यूरोप की प्रतिष्ठित संस्था EHESS, पेरिस में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर मानसी ने अपने माता-पिता के साथ राघौगढ़ किले पहुंचकर पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने मानसी का सम्मान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मानसी वास्त्री ने अपनी सफलता के लिए परिवार, शिक्षकों के साथ विधायक जयवर्धन सिंह एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मिले सहयोग और मार्गदर्शन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राघौगढ़ से निकलकर पेरिस में उच्च शिक्षा एवं शोध के लिए पहुंचना उनके लिए गौरवपूर्ण और भावुक क्षण है।



मानसी ने कहा कि "यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि मेरे माता-पिता, शिक्षकों और उन सभी लोगों की है, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विधायक जी और राजा साहब से मिले सहयोग एवं मार्गदर्शन को मैं हमेशा याद रखूंगी।" उन्होंने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा सतसाई स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने डिग्री कॉलेज राघौगढ़ एवं गुना पीजी कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की।

इसी शैक्षणिक सफर ने उन्हें उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आधार दिया। मानसी ने कहा कि राघौगढ़ की मिट्टी, संस्कार और यहां के लोगों का स्नेह हमेशा उनके साथ रहेगा। पेरिस में पीएचडी के दौरान उनका प्रयास रहेगा कि अपने अध्ययन और शोध के माध्यम से समाज एवं देश के लिए उपयोगी कार्य कर सकें। विधायक जयवर्धन सिंह ने मानसी को बधाई देते हुए कहा कि राघौगढ़ की बेटी का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने मानसी के माता-पिता को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मानसी वास्त्री की उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायी है और राघौगढ़ के लिए गौरव का विषय बनी है।

बच्चों को वाहन नहीं, सुरक्षित भविष्य दें नाबालिग वाहन चालकों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा स्कूलों के आसपास विशेष निगरानी एवं जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान के दौरान स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों की जांच में कुछ नाबालिग विद्यार्थी दोपहिया वाहन चलाते हुए पाए गए। यातायात पुलिस द्वारा उन्हें रोककर समझाइश दी गई तथा नाबालिग अवस्था में वाहन चलाने से होने वाले संभावित जोखिमों के संबंध में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को समझाया गया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने तथा वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही मोटर वाहन चलाएं। विद्यार्थियों को हेलमेट का अनिवार्य उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, यातायात संकेतों एवं नियमों का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने की भी समझाइश दी गई।

नगर ईसागढ़ के सफाईकर्मियों को फूलमाला पहनाकर तिलक लगाकर किया सम्मानित



ईसागढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत समाजसेवी सिमरन कौर उर्फ कुलविंदर कौर द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर नगर परिषद ईसागढ़ के सफाई कर्मियों को रेस्ट हाउस में फूलमाला पहनाकर तिलक लगाकर ससम्मान कर स्वल्पाहार कराया और उन्होंने समरसता का सन्देश दिया गया। सफाई कर्मियों द्वारा इस सम्मान को लेकर कहना है कि हमें जो नगर परिषद में सम्मान मिला। वही सम्मान नामधारी एवं समाजसेवी सिमरन कौर दीदी द्वारा दिया गया ।



सांदीपनि विद्यालय पिपरई में सात दिवसीय आधार अपडेट कैंप किया जा रहा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

संदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरई में छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड से संबंधित त्रुटियों के सुधार एवं अपडेट के लिए सात दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य मंगलेश शर्मा ने बताया कि 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर उसे अपडेट कराया जा सकता है। विशेष रूप से जिन बच्चों के फिंगरप्रिंट नहीं आ रहे हैं, उनके आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट कराया जाना आवश्यक है। बीआरसी कार्यालय के निर्देशों के पालन में विद्यालय में यह विशेष कैंप आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्य ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को आधार कार्ड से संबंधित त्रुटियों के सुधार के लिए विद्यालय लेकर आएं। कैंप के दौरान आधार संबंधी सुधार का कार्य सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि निर्धारित समय में विद्यालय पहुंचकर अपने बच्चों का आधार कार्ड अपडेट करवाएं।

जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए दुर्लभ ब्लड ग्रुप उपलब्ध कराया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला अस्पताल में भर्ती मरीज राधे के ऑपरेशन के लिए दुर्लभ ब्लड ग्रुप एबी पॉजिटिव की आवश्यकता थी, इस समस्या को लेकर सुखमनी ब्लड हेल्प ग्रुप के सदस्य धर्मेंद्र रघुवंशी खेजरा को अवगत कराया गया। जिसके बाद ग्रुप के सदस्य साहिल सेठी द्वारा एबी पॉजिटिव ब्लड डोनेट कर मरीज का ऑपरेशन कराया गया। बी पॉजिटिव ब्लड की कमी के चलते आज ग्रुप द्वारा नगर पालिका सीएमओ विनोद उन्नीतान द्वारा बी पॉजिटिव एवं कार्तिक उन्नीतान ने बी पॉजिटिव एवं मनोज बिरथरे द्वारा बी पॉजिटिव ब्लड डोनेट कर जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों की रक्त की कमी को दूर किया गया। सुखमनी ब्लड हेल्प ग्रुप जरूरतमंद व्यक्ति के लिए सदैव तत्पर रहता है ,ग्रुप द्वारा समय-समय पर अवेयरनेस प्रोग्राम भी संचालित किया जाता है जिससे मरीज के अटेंडर कई बार ब्लड देने से मना करते हैं उनको भी समझ कर ब्लड डोनेशन के फायदे बताकर उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



अतिविश्वास से कभी नहीं होते हैं सार्थक प्रयासः मुनि श्री निरंजन सागर जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने उपस्थिति श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम अपना जीवन बहुत ही व्यवस्थित तरीके से सँवार सकते हैं। आज प्रत्येक व्यक्ति अपनी रक्षा करना चाहता है तो इसका सीधा सा साधन है जिस ओर अपने को जाना है, उसके बारे में कम सोचना और जिस ओर नहीं जाना है उसके बारे में ज्यादा सोचने से सही धारणा भी पलट सकती है। इसलिये जिस दिशा में हमें जाना है, उसी दिशा में जाने वाले व्यक्तियों के साथ रहो, तो वह आपके सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अतिविश्वास कभी-कभी नहीं हमेशा ही अभिशाप सिद्ध होता है। अपने आप पर जितना विश्वास रखना चाहिये इतना ही रखो, ज्यादा विश्वास रखने से खरगोश की दशा और आपकी दशा एक सी ही हो जायेगी। कछुआ आगे बढ़ गया और खरगोश पीछे रह गया। खरगोश का अतिविश्वास स्वयं के लिये अभिशाप सिद्ध हो गया और कछुआ ने अपने विश्वास के दम पर विजय प्राप्त कर ली। जबकि खरगोश के सामने कछुआ की गति कुछ भी नहीं थी। ठीक इसी प्रकार हमें अपने विश्वास को बनाये रखना है और उसी विश्वास के दम पर आप सफलता प्राप्त कर सकते हैं। और ओवर कॉन्फिडेंस से जितना हो सके हमें बचना चाहिये। क्योंकि इस प्रकार से मिली सफलता ना तो चिर स्थायी रहती है और ना ही ऐसी सफलता का कोई महत्त्व रहता है।



सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नपा द्वारा आयोजित किया ध्यान सत्र



अशोकनगर। नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत नगर पालिका कार्यालय परिसर में योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन शनिवार को प्रातः 8 बजे किया गया। जिसमें पधारे हुए योग शिक्षक शिवाजी शर्मा के द्वारा योगिक क्रियाएं आसन एवं प्राणायाम कराए गए। साथ ही किस प्रकार योगासन के माध्यम से इंसान के जीवन में आरोग्य लाभ लिया जा सकता है इसकी जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ विनोद उन्नीतान पार्षद डॉ जयमंडल यादव, शालिनी योगेश खेरा सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

नारायणपुर हायर सेकेंडरी स्कूल में गांधी जयंती पर छात्र-छात्राओं ने शपथ लेकर मानव श्रृंखला बनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नारायणपुर में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर विद्यालय में स्वच्छता का कार्यक्रम चलाया गया जहां छात्र-छात्राओं और विद्यालय स्टाफ द्वारा विद्यालय परिसर को स्वच्छ किया वहीं प्राचार्य भोलाराम शर्मा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर उनके आदर्शों को बच्चों के बीच में बता कर उन्हें याद किया गया। बच्चों को मानव श्रृंखला बनवाकर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा संकल्प लिया की प्रतिवर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने का यह कार्य अपने घर अपने ग्राम और अपने कर्तव्य स्थल से प्रारंभ किया गया शपथ लेते ही बच्चों ने कहा कि हम स्वच्छता के प्रति स्वयं भी जागरुक रहेंगे और हमारे परिवार जनों को और अन्य लोगों को भी जागृत कर जागरूक करेंगे मानव श्रृंखला बनाकर बच्चों ने संदेश दिया है कि हम जिस तरह एक दूसरे को पड़कर मानव श्रृंखला बनाएं इस प्रकार हमको देश एक रखना चाहिए इस अवसर पर विद्यालय सदस्य उपस्थित रहे।

गांधी के सत्य और अहिंसा के संदेश को आत्मसात करने का लिया गया संकल्प

अशोकनगर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रघुवंशी तथा ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष रितेश रघुवंशी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताएं सत्य,अहिंसा तथा सद्भाव के मार्ग पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रघुवंशी ने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के बल पर देश को एकजुट कर स्वतंत्रता संग्राम को दिशा दी वहीं किसान कांग्रेस अध्यक्ष रितेश रघुवंशी ने कहा कि समाज में भाईचारा समानता और आपसी सद्भाव की भावना मजबूत करने वाले गांधी जी के विचार आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायी है।



खबर संक्षेप

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत इंदिरा आवास कॉलोनी शाढ़ौरा निवासी जगदीश अहिरवार उम्र 35 साल ने घर के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

धोखाधड़ी का मामला किया गया दर्ज

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत बगुल्या निवासी राहुल रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपी द्वारा फरियादी के क्रेडिट कार्ड के 43248 रुपए धोखाधड़ी कर काट लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मातामढ़ मोहल्ला निवासी मोनू रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि देवा और बृजेश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आजाद मोहल्ला निवासी नजीर खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि साविर खान ने उससे मारपीट की दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंगानगर कॉलोनी निवासी दतार सिंह कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भगवान दास और नितिन कोरी ने उससे मारपीट की। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आंवरी निवासी आशा बाई कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि धमेन्द्र कुशवाह ने उससे मारपीट की। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी रामबाबू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रवि वंशकार ने उससे मारपीट की। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बगरखेडा छज्जू निवासी कुन्दन सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राम सिंह यादव ने उससे मारपीट की। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम व्यानी निवासी भानू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भूपेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी सुमेर आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजू और भूरा आदिवासी ने पुरानी रंजिस पर से उससे मारपीट की। जिले के मुंगावली क्षेत्र के अंतर्गत पुष्प विहार कॉलोनी बीना निवासी बाबूलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सेमरखेड़ी की पुलिया की मोड़ पर तीन से चार अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की।

जुआरियों पर पुलिस का शिकंजा, 12 को पकड़ा

अशोकनगर। थाना देहात पुलिस को जुआरियों के विरुद्ध कार्रवाई में सफलता प्राप्त हुई है। थाना देहात प्रभारी निरीक्षक आकाश शर्मा एवं पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर शंकर कॉलोनी एवं कुड़ी घाट क्षेत्र में दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा दोनों स्थानों पर जुआ खेल रहे 12 आरोपियों को मौके से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे एवं घटनास्थल से 10100 नगद तथा जुआ खेलने की सामग्री जप्त की है। आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआ खलते हुए जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनमें संतोष यादव, मेहरबान अहिरवार, मनोज अहिरवार, रामबाबू शर्मा, पप्पू रजक, हरिशंकर शर्मा, बृजेश चंदेल, दुर्गेश प्रताप राजपूत, लाल सिंह अहिरवार, ऋतिक अहिरवार,ओम शर्मा एवं मयंक चौबे, सभी निवासी अशोकनगर हैं।

गांधी पार्क चौराहे पर स्वच्छता का संदेश दिया

अशोकनगर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान से प्रेरित होकर बरखेड़ी, गुना रोड स्थित संस्कार अकादमी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गांधी पार्क चौराहे पर स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने चौराहे के आसपास साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और स्वच्छ एवं सुंदर शहर का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया।

समस्याओं के विभिन्न आवेदन सामने आए, हितलाभ का वितरण भी किया गया

अशोकनगर, बहादुरपुर व चंदेरी में शिविर का आयोजन, जनप्रतिनिधि हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर मुख्यालय पर आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम डॉ केपी यादव शामिल हुए। उन्होंने शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाने लेने की अपील की और कहा कि इस तरह के शिविर आमजनों की समस्याओं के निराकरण में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्टॉलों का निरीक्षण किया और उपस्थित जनों को हितलाभ वितरण किया। इस मौके पर कलेक्टर साकेत मालवीय भी उपस्थित थे। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। योजनाओं का लाभ प्रदान कर जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा रहा है। शिविर में पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने कहा कि सरकार आपके द्वार शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन प्रशासन के अधिकारी जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर किया जा रहा है। शिविर में कुल आवेदन 1002 कुल आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान डॉ. केपी यादव द्वारा नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

अभियान समस्याओं के निराकरण का सशक्त माध्यमः विधायक

सेवा सेतु अभियान लोगों की समस्याओं के निराकरण का सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अंतर्गत आयोजित शिविर में लोगों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया। इस आशय के विचार मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने शनिवार को विकासखंड मुंगावली के तहसील प्रांगण बहादुरपुर में आयोजित सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि शासन एवं प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा देश 2047 विकसित भारत की ओर नई ऊर्जा एवं नई गति के साथ आगे बढ़ रहा है। शिविर में विभिन्न समस्यामूलक 200 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश आवेदनों का निराकरण मौके पर किया गया। शेष आवेदनों पर समय सीमा निर्धारित कर संबंधित विभागों को प्रेषित किए गए।



सेवा सेतु अभियान मेला ग्राउंड में लगा शिविर, जनसेवा की मंशा पर पानी फेरती दिखी खाली कुर्सियां

शासन के सेवा सेतु अभियान के तहत शनिवार को स्थानीय मेला ग्राउंड में जनपद पंचायत द्वारा विशाल जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता को एक ही छत के नीचे विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। हालांकि, लाखों रुपये खर्च कर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में आम जनमानस की बेरुखी साफ देखने को मिली।

जनता ने बनाई दूरी अधिकारियों और कार्यकर्ताओं के भरोसे सिमटा आयोजन

जिस मंशा और व्यापक तैयारियों के साथ इस शिविर का आयोजन किया गया था, परिणाम उसके विपरीत रहे। अनुमान के मुताबिक लोग समस्याओं के निराकरण के लिए मेला ग्राउंड नहीं पहुंचे, जिससे कार्यक्रम स्थल पर लगी कुर्सियां खाली नजर आईं। शिविर में आम नागरिकों की उपस्थिति न के बराबर रही और यह पूरा आयोजन केवल शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी तक ही सिमट कर रह गया। चुनिंदा लोगों की उपस्थिति के कारण अभियान का व्यापक असर नजर नहीं आया।

सीईओ को दिया आवेदन

चंदेरी जनपद पंचायत में स्वीकृत टेंडर की अनदेखी का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

जनपद पंचायत चंदेरी में स्वीकृत टेंडर की शर्तों का उल्लंघन कर अन्य फर्म या व्यक्तियों से शासकीय कार्यक्रमों की व्यवस्थाएं कराने का मामला सामने आया है। इस संबंध में स्थानीय फर्म प्रजापति एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चंदेरी को एक शिकायती आवेदन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जनपद पंचायत चंदेरी द्वारा स्टेशनरी, साउंड सिस्टम, वाटर कैंपर व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए थे। नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया में प्रजापति एंटरप्राइजेज की दरें स्वीकृत हुई थीं और कार्य का टेंडर फर्म के नाम जारी किया गया था।

बिना सूचना अन्य फर्मों से कराए जा रहे काम

फर्म के प्रोपराइटर ने बताया कि टेंडर स्वीकृत होने के बावजूद जनपद पंचायत द्वारा आयोजित विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों (जैसे श्सेवा सेतु अभियान, सरकार आपके द्वार एवं संकल्प अभियान आदि) में उनकी फर्म को कोई सूचना या कार्य आदेश जारी नहीं किया जा रहा है। स्वीकृत टेंडर और निर्धारित दरों को दरकिनार कर कार्यालय द्वारा ये कार्य अन्य फर्मों या व्यक्तियों से कराए जा रहे हैं, जो टेंडर नियमों का सीधा उल्लंघन है, काम रोकने की मांग की गई है।

अशोक सिंघल जन्म शताब्दी पर रक्तदान शिविर, 15 यूनिट रक्त एकत्रित किया



अशोकनगर। अशोक सिंघल की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर सकल हिंदू समाज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाजसेवियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 15 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान अशोक सिंघल के जीवन, उनके राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पण तथा सामाजिक समरसता के लिए किए गए कार्यों भगवान राम के मंदिर के आंदोलन की भूमिका की प्रमुख योद्धा रहेपर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

शिक्षकों ने टीईटी के विरोध में गांधी जयंती पर उपवास कर धरना दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

महात्मा गांधी की जयंती को ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमेटी मध्यप्रदेश एवं मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ ने संयुक्त रूप से सेवारत शिक्षकों को टीइटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में अशोकनगर में गांधी प्रतिमा के समक्ष उपवास धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रदर्शन किया।

मांगों के बिन्दु

1. मध्यप्रदेश सरकार तमिलनाडु और जम्मू कश्मीर सरकार की तरह सेवारत शिक्षकों को टीइटी परीक्षा से मुक्ति के लिए विधानसभा का विशेष सत्र आहूत कर विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेजे।
2. नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दी जाए।
3. अव्यवहारिक ई अटेंडेंस समाप्त हो।

जिला शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में करियर मार्गदर्शन संपन्न

अशोकनगर। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जन विश्वास अभियान शिविर अंतर्गत बहादुरपुर तहसील में आयोजित शिविर में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, अशोकनगर की ओर से वरिष्ठ व्याख्याता नागेन्द्र धूपर, एन.के. सेंगर और अंकित श्रीवास्तव ने संस्था का प्रतिनिधित्व किया। संस्था के प्रतिनिधि मंडल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बहादुरपुर में जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा के साथ उपस्थित होकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान नागेन्द्र धूपर एवं टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में संचालित विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों और उन पाठ्यक्रमों को पूर्ण करने के बाद उपलब्ध रोजगार की जानकारी प्रदान की।

एनडीपीएस एक्ट के मामलों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना के लिए अशोकनगर पुलिस का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा की अध्यक्षता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में एनडीपीएस एक्ट 1985 के प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण एवं कानून-संगत विवेचना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान अभियोजन अधिकारी शबनम बानो, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा ओमप्रकाश मिश्रा एवं डीसीबी/डीसीआरबी शाखा प्रभारी निरीक्षक कुलदीप वर्गे द्वारा एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों, प्रकरणों की विवेचना में अपनाई जाने वाली वैधानिक प्रक्रिया, साक्ष्य संकलन तथा अभियोजन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अधिकारियों को व्यावहारिक एवं विधिक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में जिले के



विभिन्न थानों से उपस्थित उनि. अजीम अंसारी, उनि. विद्याराम कुशवाह, उनि. सोनम यादव, उनि. जगदीश पाराशर तथा सउनि. रामबहादुर सिंह, सउनि. माइकल खलको, सउनि. राजकुमार सिंह जादौन, सउनि. गोपाल सिंह, सउनि. महेन्द्र सिंह रघुवंशी, सउनि. हेमराज सिंह मीणा, सउनि. अमरसिंह धाकड़, सउनि. रामदयाल नंदा, देव सिंह, सउनि. अनिल कुमार, सउनि. रूपचंद्र साहू, सउनि. प्रजेश यादव, सउनि. जगदीश शर्मा, सउनि. पुरुषोत्तम शर्मा, सउनि. देशराज सिंह एवं सउनि. मो. सफायत खान द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

सरपंच और अधिकारियों ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर ग्राम पंचायत कार्यालय में सरपंच मुन्नी बाई रघुवंशी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। उनके सत्यवान अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। ग्राम सभा में पंचायत सचिव सीमा प्रजापति,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं,पंचों व ग्रामीणों की उपस्थिति में गांव के विकास कार्यों पर चर्चा हुई। इसके पश्चात सरपंच प्रतिनिधि रामेंद्र रघुवंशी और पशु चिकित्सक डॉक्टर राजेंद्र बाथम सहित अन्य गणमान्य लोगों ने पंचायत कार्यालय व स्कूल परिसर के सामने झाड़ू लगाकर सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया।

प्रदेश स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में खेलेंगे शाढ़ौरा के दो छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा



नगर के दो छात्र अनुज शर्मा और गिरिराज शर्मा का चयन प्रदेश स्तरीय स्कूली फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए ग्वालियर संभाग की टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ी 3 अक्टूबर से शाजापुर में आयोजित चार दिवसीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दोनों खिलाड़ी शाजापुर के लिए रवाना हुए। अनुज शर्मा पुत्र मुकेश शर्मा एवं गिरिराज शर्मा पुत्र मुरारी शर्मा द्रोपदी पब्लिक स्कूल के छात्र हैं। दोनों खिलाड़ियों ने फुटबॉल का प्रशिक्षण हिंद फुटबॉल अकैडमी के कोच आदित्य चैरसिया से प्राप्त किया है। दोनों छात्रों के प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में चयन से स्कूल, परिवार और खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है।

बिनौली यात्रा का आयोजन, रात्रि में सांस्कृतिक प्रस्तुति के दौरान नाटक का किया गया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



पिछले दो दिनों से नगर में धर्म का माहौल बना हुआ है। जहां एक ओर निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधा सागर महाराज संघ में शामिल हुए। ब्रह्मचारी अमन भैया की नगर में भव्य ओर ऐतिहासिक बिनौली यात्रा निकाली गई। जिससे नगर में सुधा सागर महाराज का जय घोष गूंज उठा। यह यात्रा नगर के चंद्र प्रभु जिनालय मंदिर से शुरू हुई ओर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए रामलीला मंच पहुंची जहां गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। समाज के प्रत्येक घर से महिला, पुरुष ने इसमें अपनी भागदारी निभाई ओर दिगम्बर जैन पंचायत ने अमन भैया के परिजन का सम्मान किया गया। वहीं विमानोत्सव के रात्रि में दिल्ली से आए सतेंद्र शर्मा की मंडली ने सती मेना,एक मां के लिया भाई ओर बहन के बलिदान की गाथा के साथ गांधी के यात्रा का मंचन किया जिसमें देर रात तक लोग इसका आनंद लेते रहे।

नए तहसील भवन के सामने किया जा रहा आधुनिक पद्धति से सेंसर फिक्सड फार्म पेवर मशीन से सड़क का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में अभी तक सीसी सड़क का निर्माण साधारण तरीके से ही होता आया है। जिसके कारण न तो सड़क समतल रहती थी और न ही सड़क का लेवल सही रह पाता था, जिसके कारण सड़क पर गडडे भर रहते थे और पानी भरकर रह जाता था। पहली बार यहां सेंसर फिक्सड फार्म पेवर मशीन से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण से तहसील आने जाने वाले लोगों को मदद मिलेगी और इस तरह की तकनीक से सड़क का निर्माण किया जाना पहली बार देखने मिल रहा है। इस तरह की सड़कों का निर्माण अगर शहर में इसी पद्धति से किया जाए तो सड़के लंबे समय तक टिकाऊ रहेगी और समतल होने के साथ साथ एक जैसा लेवल एक जैसी ऊंचाई तो मिल सकेगी ही साथ में सड़क पर कहीं भी कोई गडडे नहीं होगें। जिससे सड़क मार्ग से निकले वाले दो पहिया और 4 पहिया वाहनों को निकलने के दौरान जो गडडे बने होने से दचके लगते थे वह नहीं लगेगें और सही मायने में गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण हो सकेगा। सड़क का निर्माण कर रहे संजीव भारिल्ल ने बताया कि इस तरह की सड़क का शहर में पहली बार निर्माण हो रहा है, सड़क बनाने वाले अन्य ठेकेदारों को भी इस सड़क को देखने के लिए जरूर आना चाहिए ताकि सड़क बनाने का सही लाभ मिल सके।





पिपरई में श्रीमद् भागवत कथा में गूंजे 'नंद के घर आनंद भयो' के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

नगर के लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक कपिल कृष्ण शास्त्री द्वारा श्रद्धालुओं को भगवान की विभिन्न लीलाओं और भक्तों की भक्ति का वर्णन कराया जा रहा है। कथा के चौथे दिन भक्त प्रह्लाद, वामन अवतार एवं भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक कपिल कृष्ण शास्त्री ने भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति और हिरण्यकशिपु के संहार का प्रसंग सुनाते हुए भगवान की भक्ति की महिमा बताई। इसके बाद भगवान विष्णु के पांचवें अवतार वामन भगवान की कथा का वर्णन किया गया। कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग आया। कंस के कारागार में वासुदेव और देवकी के यहां भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य का वर्णन होते ही कथा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। भगवान के जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ जयकारे लगाए। श्रीकृष्ण जन्म के बाद वासुदेव जी द्वारा उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहां पहुंचाने और नंदोत्सव का प्रसंग सुनाया गया।

अस्पताल, आंगनबाड़ी का निरीक्षण

कलेक्टर ने अधीनस्थों को प्रदान किए आवश्यक दिशा-निर्देश



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने संवासी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उप स्वास्थ्य केंद्र में ईएनसी पंजीयन सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध आवश्यक दवाइयों, जांच सुविधाओं, साफ-सफाई तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने तथा अभिलेखों का नियमित रूप से संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, केंद्र की व्यवस्थाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों एवं महिलाओं को शासन की योजनाओं और सेवाओं का प्रभावी लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप शासकीय सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच सुनिश्चित करते हुए आमजन की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

मुखबिर की सूचना पर बनाई विशेष टीम ने की कार्रवाई, पुलिस की बड़ी

उड़ीसा से हरियाणा ले जाया जा रहा 50 किलो अवैध गांजा पकड़ाया, 11 लाख का माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



कोतवाली पुलिस के खाते में फिर एक बड़ी सफलता दर्ज हुई है। मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर की गई घेराबंदी में एक व्यक्ति की कार से 50 किलो गांजे की खेप पकड़ाई है। दिल्ली के व्यक्ति द्वारा इस अवैध गांजे को उड़ीसा से हरियाणा ले जाया जा रहा था लेकिन कोतवाली पुलिस ने उसे राजगढ़ में धर-दबोचा। टीआई मंजू मखेनिया ने बताया कि आरोपी के कब्जे से गांजा परिवहन में प्रयुक्त कार सहित कुल 11 लाख रुपए कीमत का मशरुका जब्त किया गया है।

मुखबिर की सूचना पर बनाई गई विशेष टीम

थाना कोतवाली राजगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग की मारुति सुजुकी कार में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ब्यावरा से राजगढ़ की ओर आ रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली राजगढ़ निरीक्षक श्रीमती मंजू मखेनिया द्वारा पुलिस टीम गठित कर दण्ड जोड़ के पास रवाना किया गया, जहां पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग प्रारंभ की गई। कुछ समय पश्चात मुखबिर द्वारा बताए हुलिए एवं वाहन के अनुसार सफेद रंग की उक्त कार राजगढ़ की ओर आती दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा कार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर कार चालक द्वारा वाहन रोककर गेट खोलकर भागने का प्रयास किया गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा तत्परता एवं प्रभावी घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

कार की डिक्की में छिपा रखा था माल

पुलिस टीम द्वारा उक्त कार की विधिवत तलाशी लेने पर कार की डिक्की एवं सीट के पीछे रखे कट्टों से कुल 50.860 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख है। साथ ही गांजा परिवहन में प्रयुक्त सफेद रंग की मारुति सुजुकी को भी जब्त कर लिया गया। इस प्रकार कुल 11 लाख का माल जब्ती में लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

साउथ दिल्ली के निवासी है आरोपी

पुलिस ने बताया कि आरोपी से मादक पदार्थ के स्रोत एवं उसके परिवहन से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आरोपी भीमसिंह पिता रेशमपाल जाति ढीमर, उम्र 40 वर्ष साउथ दिल्ली का निवासी है। यह माल आरोपी भीमसिंह ने उड़ीसा से किससे खरीदा और हरियाणा में किसे सप्लाई करने जा रहा था, इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। माल को पकड़ने बनाई गई विशेष टीम में टीआई मखेनिया सहित आरआई दीपक रघुवंशी, जीतेंद्र अजनारे, प्रवीण जाट, शादाब खान, ललित सौंधिया, प्रवीण यादव, रवि मौर्य, सुभाष द्विवेदी, विकास राठौर, नरेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश अहिरवार, मोईन खान, आरक्षक मोहित परमार, रवींद्र जाट, अर्जुन भील, मुकेश मीणा शामिल रहे।

जन समस्या निवारण शिविर

शिविर में उठी समस्या, 10 साल से नहीं है माना गांव का राजस्व नक्शा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

समीपस्थ ग्राम माना में शनिवार को सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जनपद स्तरीय 'सेवा सेतु अभियान आपकी सरकार आपके द्वार' जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन परिसर में किया गया। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों और क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा के समक्ष रखीं। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में ग्राम माना के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले करीब 10 वर्षों से गांव का राजस्व नक्शा उपलब्ध नहीं होने के कारण सीमांकन और भूमि संबंधी विवादों में परेशानी आ रही है। इस पर एसडीएम अभय प्रताप सिंह पटेल ने बताया कि नए राजस्व नक्शे को लेकर कार्रवाई जारी है।

इसी तरह ग्राम माना में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन परिसर में लगे ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने की समस्या ग्रामीणों ने रखी। वहीं ग्राम पीलूखेड़ी में 33 केवी विद्युत लाइन की ऊंचाई कम होने से दुर्घटना की आशंका की शिकायत सामने आई। विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों को दोनों मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।ग्राम पंचायत स्तर पर प्रधानमंत्री आवास योजना और पेंशन से संबंधित समस्याएं भी ग्रामीणों ने रखीं। विधायक ने जनपद पंचायत सीईओ प्रबल अर्जरिया को हितग्राहियों के नाम दर्ज कर उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

समस्याओं का तत्काल निराकरण ही शिविर का उद्देश्य

विधायक मोहन शर्मा ने अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर दूर-दूर से शिविर में आते हैं। इसलिए जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाए, तभी शिविर लगाने का उद्देश्य सार्थक होगा। उन्होंने विभागवार अधिकारियों से समस्याओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम प्रभारी राधेश्याम पचवारिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर मीणा, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई,कैलाश राज, सहित अन्य ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी, बीएमओ डॉ. राजेंद्र अहिरवार, सरपंच अरविंद पटेल, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनफूल सिंह बना, मंडल महामंत्री रामेश्वर नायक, मंडल अध्यक्ष रवि मीणा, महामंत्री गुड्डू जाटव, भंवरलाल कलमोदिया, मोहित चंद्रवंशी, रामेश्वर आचार्य, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना, गोपाल राठौर, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनोखी लाल कोटिया, सुनील सक्सैना, सरपंच फूल सिंह चैधरी, एल्डरमैन प्रतिनिधि धीरज भावसार, आनंद वर्मा, जितेंद्र सेन, घनश्याम चंद्रवंशी, सोनू कलमोदिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

गुटखा पाउच के 200 रुपए मांगने पर विवाद

मारपीट में तीन घायल, बीच-बचाव करने वाला गंभीर, रेफर



सारंगपुर। शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे गोपालपुरा क्षेत्र में गुटखा पाउच के 200 रुपए के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। इनमें बीच-बचाव करने वाले युवक को गंभीर चोट आने पर शाजापुर रेफर किया गया है। जहां से उसे इंदौर रेफर किया।

जानकारी के अनुसार गोपालपुरा निवासी निखिल नायक चाय-पाउच की दुकान संचालित करता है। अनिल पिता कमल नट (30) निवासी राधानगर कॉलोनी, जो मजदूरी करता है, ने पूर्व में निखिल की दुकान से पाउच खरीदा था। निखिल द्वारा इसके 200 रुपए मांगे जाने पर अनिल ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई।विवाद के दौरान अनिल के पिता कमल नट और उसकी बहन भी मौके पर पहुंच गए। वहीं निखिल के दोस्त आयुष अस्थाना, हेमंत जाटव और श्रीकांत विश्वकर्मा भी वहां मौजूद थे। उन्होंने बीच-बचाव का प्रयास किया। इस दौरान अनिल नट, उसके पिता कमल नट और श्रीकांत विश्वकर्मा घायल हो गए। श्रीकांत को गंभीर चोट लगने पर शाजापुर रेफर किया गया था हालत गंभीर होने पर शाजापुर से इंदौर रेफर किया।जबकि अनिल और कमल का उपचार सारंगपुर सिविल अस्पताल में जारी था।

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद की बात सामने आई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पचोर पहुंचे अर्बन डेवलपमेंट चीफ इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के चीफ इंजीनियर आनंद सिंह ने पचोर जल प्रदाय योजना के अंतर्गत हेडवर्क, फ्लोटिंग पोंटून साइट एवं समेली ग्राम के समीप एन एच आई क्रॉसिंग स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान रॉ-वाटर पाइपलाइन बिछाने में आ रही तकनीकी एवं व्यावहारिक कठिनाइयों पर स्थल पर ही विस्तृत चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान योजना के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों, विशेषकर रॉ-वाटर पाइपलाइन के शेष कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। आनंद सिंह ने सभी संबंधित पक्षों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने तथा शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पीआईयू भोपाल के परियोजना प्रबंधक सुबोध कुमार जैन सहित परियोजना प्रबंधन सलाहकार एवं कार्य एजेंसी के संविदा कार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



चोर बावड़ी की सफाई की



माचलपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल माचलपुर द्वारा शुक्रवार को नगर की प्राचीन चोर बावड़ी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बावड़ी परिसर में जमा कचरा, गंदगी एवं अन्य अवशेषों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान करीब दो घंटे तक चला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने श्रमदान करते हुए बावड़ी परिसर की साफ-सफाई की तथा आसपास के क्षेत्र को भी स्वच्छ बनाया। अभियान का उद्देश्य ऐतिहासिक एवं सार्वजनिक महत्व के स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने के साथ नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा।अभियान में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, मंडल भाजपा अध्यक्ष अमिता मंडलोई, सांसद प्रतिनिधि मदन सिंह पटेल, राकेश मारू, मनीष अग्रवाल, सुजान सिंह गुर्जर, शिव गुजराती, गोपाल सेन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तहसीलदार ने सौंपा प्रमाण-पत्र

विकास खटक बने सुल्तानिया के नए सरपंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सुल्तानिया में सरपंच पद के लिए हुए उपचुनाव की मतगणना शनिवार को तहसील कार्यालय में संपन्न हुई। मतगणना में विकास खटक ने सर्वाधिक 493 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद तहसीलदार कपिल शर्मा ने उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित पुलिस बल तहसील कार्यालय में मौजूद रहा। सुल्तानिया पंचायत में पूर्व सरपंच के जिला बदर होने और पद से पृथक किए जाने के बाद सरपंच पद रिक्त हो गया था। इसके बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 29 सितंबर 2026 को सरपंच पद के लिए आम उपचुनाव कराया गया। चुनाव में कुल आठ प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। मतदान प्रक्रिया के दौरान कुल 1679 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। शनिवार को तहसील कार्यालय में मतगणना शुरू होने के बाद प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में परिणाम को लेकर उत्सुकता बनी रही। मतगणना में विकास खटक को 493, राजू वर्मा को 416, बने सिंह को 372, दिनेश कुमार बागरी को 139, शिवनारायण को 92, बृजमोहन को 67, ललिता बाई मालवीय को 56 और नारायण को 32 मत प्राप्त हुए। वहीं नोटा में 12 मत पड़े।तहसीलदार कपिल शर्मा ने सरपंच को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

मंत्री-कलेक्टर के सामने राजगढ़ के हालातों को बयां किया

माला 150 पेजों की, दर्द 3 साल का, फरियादी ने सिस्टम की पोल खोली

हरिभूमि न्यूज. लखनवास



प्रशासनिक फाइलों की धूल से न्याय दबने लगता है तो जनता का विरोध अनोखा रूप ले लेता है। कुछ ऐसा ही हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला सुठालिया के लखनवास में आयोजित जनविश्वास शिविर में। जहाँ आलाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच एक ऐसा फरियादी पहुँचा जिसकी अनोखी माला देखकर जनविश्वास शिविर का पूरा विश्वास ही डगमगा गया। शिविर में ग्राम पंचायत कुंडीखेड़ा के लोधीपुरा निवासी जगदीश लववंशी जब शिविर में दाखिल हुए तो सबकी निगाहें उन पर टिक गईं। गले में न तो फूलों की माला थी और न ही किसी ढोल-नगाड़े का स्वागत। जगदीश के गले में लटक रही थी 150 पेजों के आवेदनों की भारी-भरकम माला यह कोई फैशन स्टेटमेंट नहीं बल्कि पिछले 3 सालों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट-काटकर बटोरी गई प्रशासनिक लीपापोती की दास्तान थी।

ग्राम पंचायत कुंडीखेड़ा के फर्जीवाड़े की पूरी इनसाइड स्टोरी

मामला कुआँ कूप निर्माण की मजदूरी से जुड़ा है। जगदीश का आरोप है कि 3 साल पहले पंचायत द्वारा मंजूर कूप-निर्माण में सरपंच और सचिव ने बड़ा खेल कर दिया। कागजों पर फर्जी मस्टर और फर्जी मजदूर दिखाकर गरीब जगदीश के हक का पैसा दूसरों के खातों में डलवा दिया गया और बाद में उसे कैश कराकर अपनी जेबें भर ली गईं।जब जगदीश ने इसकी जंग लड़ी तो जिला पंचायत राजगढ़ में मामला चला। तत्कालीन सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले की जांच में सरपंच और सचिव खुलेआम दोषी पाए गए।

कार्रवाई के नाम पर ऊंट के मुंह में जीरा

दोष सिद्ध होने के बाद नियम तो यह कहता था कि धारा 40 के तहत सरपंच-सचिव की कुर्सी छीनी जाए और गरीब हितग्राही को उसका हक दिलाया जाए। लेकिन राजगढ़ का मेहरबान सिस्टम देखिए। कार्रवाई के नाम पर महज सरपंच का 3 महीने का मानदेय भत्ता काटकर मामला रफा-दफा कर दिया गया! यानी, घोटाला हजारों-लाखों का और सजा जेब खर्च काटने जितनीचुपचाप बिठाओ इसे और फिर कलेक्टर का एक्शनइसी लीपापोती और जिला पंचायत के दिखावे से त्रस्त होकर जगदीश ने 150 पन्नों की शिकायत की माला बनाई और सीधे मंत्री-कलेक्टर के सामने कूद पड़े। शिविर में जब यह अनोखा फरियादी पहुँचा तो हड़कंप मच गया।मंच पर राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार राजगढ़ कलेक्टर एसपी जिला पंचायत सीईओ ब्यावरा एसडीएम और सुठालिया तहसीलदार समेत तमाम अमला मौजूद था। 150 पन्नों की माला देखकर पहले तो राज्य मंत्री जी का पारा चढ़ा और उन्होंने पुलिस से तुरंत फरमान जारी किया चुपचाप बिठाओ इसे! पुलिस ने जगदीश को साइड तो कर दिया लेकिन जनता में फुसफुसाहट और मीडिया के कैमरों की हलचल बढ़ चुकी थी। मामला भांपते ही भाषण खत्म होते ही कलेक्टर महोदय ने खुद जगदीश लोधा से ज्ञापन लिया और इस बार कड़ा एक्शन लेने का आश्वासन दिया।अब देखना यह होगा कि 150 पेजों की इस गूंजती माला के बाद राजगढ़ का तंत्र जागेगा या फिर से किसी नए आवेदन की माला बनने का इंतजार करेगा।

इनका कहना है

हमने उसी खातों में पैसे डाले जो सरपंच ने दिया था,
-**पूनमचंद,** सचिव ग्राम पंचायत कुंडीखेड़ा

हमने इस मामले हमारे द्वारा जिला पंचायत स्तर की कार्रवाई कर चुके है अगर इसमें हितग्राही संतुष्ट नहीं तो न्यायालय चला जाए।
-**एविछत गढ़पाले,** जिला पंचायत सीईओ राजगढ़

